प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–13.03.2023 (सं0–167)

आर्थिक अपराध इकाई थाना में @manishkashyap43 Twitter हैंडल पर मनीष कश्यप की गिरफ्तारी का असत्य तथा भ्रामक पोस्ट करने के संबंध में।

- तमिलनाडु में कामकाजी बिहार के निवासियों के लिए असत्य एवं भ्रामक तथा उन्माद फैलाने वाले वीडियो को प्रसारित करने के प्रकरण में आर्थिक अपराध इकाई थाना में अंकित कांड सं0–3/23 तथा 4/23 के अभियुक्त मनीष कश्यप के नाम से संचालित @manishkashyap43 Twitter हैण्डल पर मनीष कश्यप की गिरफ्तारी की एक छवि (Photo)पोस्ट की गयी है जो पूर्णतः असत्य तथा भ्रामक है।

- यह छवि दि0–05.02.2019 की है जब उन्हें पटना पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

- @manishkashyap43 Twitter हैण्डल पर मनीष कश्यप की गिरफ्तारी पुलिस के द्वारा किये जाने से सम्बन्धित एक फोटो सहित असत्य, भ्रामक तथा अफवाह जनक पोस्ट किया गया है ताकि आम जनों के बीच भ्रम उत्पन्न कर लोगों की सहानुभूति बटोरकर, उन्माद फैलाकर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न किया जा सके। अतः इस क्रम में आर्थिक अपराध थाना काण्ड सं0–05/2023 दि0–12.03.2023 अंकित किया गया है। काण्ड का अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है।

xxxxxxxxxx